महत्वपूर्ण/समयबद्ध

परिपत्र सं0–

पत्रांक–संग्रह लक्ष्य एवं कार्यात्मक लक्ष्य निर्धारण–2019–20/ 64/192017/वाणिज्य कर

कार्यालयः कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।

(विधि अनुभाग)

लखनऊःदिनांकः 16 मई ,2019

**समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, उ0प्र0**
**एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2( एसआईबी ) वाणिज्य कर, उ0प्र0**
**एवं ज्वाइन्ट कमिश्नर, ऑयल सेक्टर, वाणिज्य कर, मुख्यालय।**

1– वित्तीय वर्ष 2019–20 का वार्षिक राजस्व संग्रह लक्ष्य शासन से रू0 77640.10 करोड़ निर्धारित किया गया है जिसमें जीएसटी का लक्ष्य रू 52980.10 करोड़ है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी राजस्व संग्रह का कतिपय अंश अविभाजित रूप से प्रादेशिक संग्रह के रूप में प्राप्त होता है। अतः रू0 8800 करोड़ के लक्ष्य प्रादेशिक स्तर पर रखे गये हैं।

विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध वैट एमआईएस के अनुसार वर्ष 2018–19 में जोनवार जीएसटी राजस्व संग्रह (एसजीएसटी राजस्व व आईजीएसटी राजस्व का योग) रू0 37106.94 करोड़ है जिसे वैट एमआईएस पर लॉग इन करके जोनवार, सम्भागवार, जनपदवार खण्डवार डीलरवार देखा जा सकता है। मुख्यालय पर नियत विभिन्न मानको में जोन की उपलब्धि के आधार पर उक्त राजस्व संग्रह पर वृद्धि देकर वर्ष 2019–20 हेतु रू0 44180 करोड़ के राजस्व संग्रह लक्ष्य निर्धारित कर जोनवार व माहवार सूचित किया जा रहा है। (संलग्नक–क) जोनल स्तर पर अधिकारीवार/खण्डवार विभाजित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक अधिकारी स्तर पर मासिक व वार्षिक लक्ष्य के शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित कराई जाए। जोन के 100 बड़े डीलर के संग्रह की मानीटरिंग प्रत्येक माह की जायेगी। विभाजित लक्ष्य की सॉफ्टकॉपी संख्या अनुभाग के ई–मेल पर दिनांक 25.05.2019 तक उपलब्ध करा दी जाए। एक बार नियत किये लक्ष्य को मुख्यालय की अनुमति के उपरान्त ही परिवर्तन किया जा सकेगा।

2– वित्तीय लक्ष्य के साथ–साथ कार्यात्मक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, कार्यात्मक लक्ष्य की पूर्ति का वित्तीय लक्ष्य के समकक्ष आंकलन किया जायेगा। कार्यात्मक लक्ष्य निर्दिष्ट मानक के अनुरूप कराये जाने का पूर्ण दायित्व जोन स्तर पर जोनल एडीशनल कमिश्नर एवं सम्भाग स्तर पर ज्वाइन्ट कमिश्नर कार्यपालक का होगा। कार्यात्मक लक्ष्य का अनुश्रवण आवश्यकतानुसार मासिक/साप्ताहिक रूप से किया जाएगा।

**कार्यात्मक लक्ष्य**

| क्रमांक | कार्य | समयसीमा | कार्य स्तर/मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | **पंजीयन व सत्यापन** | | |
| | पंजीयन प्रार्थना की स्क्रूटनी, सत्यापन, पंजीयन जारी, निरस्तीकरण एवं रिवोकेशन | ऐक्ट एण्ड रुल्स 9, 22 व 23 में दी गयी समय सीमा के अर्न्तगत | असि0कमि0<br>शत–प्रतिशत |
| | रजिस्ट्रेशन वेरीफिकेशन अमेण्डमेण्ट वैरीफिकेशन | | वा0क0अधि0 (परिपत्र18019063 दि0 14.11.2018)<br>नए– शत–प्रतिशत<br>पुराने– नियत मानक (परिपत्र का पैरा 3–अ) |
| | संशोधन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण | ऐक्ट की धारा–28 एण्ड रुल्स 19 | ज्वा0कमि0/डि0कमि0/असि0कमि0<br>शत–प्रतिशत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | **रिटर्न दाखिला** | | |
| | नॉन फाइलर्स के विरूद्ध कार्यवाही | खण्ड के सभी नॉन फाइलर | ज्वा0कमि0 (कारपो0) सभी प्रत्येक माह<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 20<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 40<br>वा0क0 अधि0 प्रतिमाह 40 |
| 3. | **रिटर्न स्क्रूटनी** | | |
| | व्यापारियों की रिटर्न स्क्रूटनी व कार्यवाही | दो माह पूर्व तक के दाखिल रिटर्न | ज्वा0कमि0(कारपो0)प्रतिमाह 10<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 10<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 10<br>वा0क0 अधि0 प्रतिमाह 20 |
| | रेड फ्लैग्ड डीलर्स की स्क्रूटनी व कार्यवाही | समस्त मानक के अनुसार | ज्वा0कमि0 (कारपो0)–सभी प्रतिमाह<br>डि0कमि0–सभी प्रतिमाह<br>असि0कमि0 (वरीयता में 02 पैरामीटर से अधिक) 10 |
| 4. | **कर निर्धारण** | | |
| | एसआईबी वादों का एडज्यूडिकेशन/कर निर्धारण (वैट, एसआईबी) | | ज्वा0कमि0 (कारपो0) प्राप्ति के 03 माह के अन्तर्गत<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 02<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 05 |
| | ऑडिट के वादों का एडज्यूडिकेशन/कर निर्धारण (वैट, ऑडिट) | | ज्वा0कमि0 (कारपो0) प्राप्ति के 03 माह के अन्तर्गत<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 02<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 05 |
| 5. | **बकाया वसूली** | | |
| | बकाया वसूली | | ज्वा0कमि0 (कारपो0) सभी<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 20 बड़े बकायेदार की बकाया वसूली<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 20 बड़े बकायेदार की बकाया वसूली |
| 6. | **विविध** | | |
| | रिफण्ड | समस्त एक्ट की धारा 54 की समय सीमा | सभी रिफण्ड के प्राप्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण। |
| | | | जारी रिफण्ड की सभी बिन्दुओं पर जॉच आईटीसी सहित<br>ज्वा0कमि0 (कारपो0) प्रति माह 01<br>डि0कमि0 प्रतिमाह 02<br>असि0कमि0 प्रतिमाह 02 |

3– **कार्यात्मक लक्ष्य से सम्बन्धित परिपत्र व उपलब्ध एमआईएस**

**अ– पंजीयन सत्यापन** के सम्बन्ध में परिपत्र सं0 18019063 दि0 14.11.18 (आई0टी0 अनुभाग) निर्गत किया गया है जिनमें नये पंजीयन के सत्यापन हेतु गाईड लाइन दी गयी है व दि0 01 नवम्बर 18 के उपरान्त प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का वेरीफिकेशन किये जाने के विस्तृत निर्देश दिये

गये हैं। इनके पूर्व के सभी फर्मों (नये एवं पुराने मिलाकर) का वेरिफिकेशन प्रति माह सी0टी0ओ0 स्तर का 100 मानक पर तैयार कर ज्वा0कमि0(कार्य0) पूरा करायेंगे । सत्यापन के अनुश्रवण हेतु वैट एमआईएस के **डीएमएस टैब** पर न्यू रजिस्ट्रेशन वेरीफिकेशन रिपोर्ट उपलब्ध है।

**ब– नॉन फाइलर्स के रिटर्न** के लिए धारा–46/62 में कार्यवाही हेतु परिपत्र सं0. 41 दि0 30.04.2018 जारी किया गया है। नॉन फाइलर्स व्यापारियों की कार्यवाही के लिये विभागीय पोर्टल पर R1 Filed but 3B Not Filed, Zero Sale Purchase, Zero Tax Payer, Interstate EWB & R-3B IGST Credit Claimed Difference एवं E-way bill download but Return not filed, Return not filed for past 6 months जैसी रिपोर्ट उपलब्ध हैं।

**स– रिटर्न स्कूटनी** प्रत्येक माह यथा संभव इस प्रकार की जाये कि सभी रिटर्न की मानीटरिंग हो जाये रिटर्न स्कूटनी की कार्यवाही के लिए धारा–61, 73 व 74 में जी0एस0टी0एन0 पोर्टल पर उपलब्ध है तथा रिटर्न स्क्रूटनी की मॉनिटरिंग एवं कृत कार्यवाही का विवरण वैट एमआईएस के डीएमएस टैब पर भरना है। रेड फ्लैग डीलर के लिए विवरण वैट एमआईएस के **रेड फ्लेगिग टैब** पर उपलब्ध है एवं जीएसटीएन से प्राप्त सभी विवरण भी **इसी टैब पर** रेड फलैग डाटा प्रोवाईडेड बाई जीएसटीएन नाम से उपलब्ध है।

4– कार्यात्मक लक्ष्य की पूर्ति के लिए ज्वाइन्ट स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा, एडीशनल स्तर पर पाक्षिक समीक्षा व मुख्यालय पर मासिक समीक्षा की जाएगी। जोनल व सम्भागीय स्तर पर यह अधिकार होगा कि अधीनस्थ किसी खण्ड या अधिकारी के पास मानक के अनुरूप कार्य न रहने पर अतिरिक्त दूसरे पैरामीटर पर कार्य निर्धारित करते हुए प्रत्येक माह 5 तारीख तक मुख्यालय को सूचित करेंगे।

5– प्रवर्तन इकाईयों (एसआईबी/सचल दल) के लिए कार्यात्मक लक्ष्य व वित्तीय लक्ष्य संबंधित अनुभाग से अलग से जारी किया जा रहा है जिसके अनुश्रवण का दायित्व जोनल एडिशनल कमिश्नर का भी होगा तथा अनुपालन का पूर्ण दायित्व जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) का होगा।

6– स्पष्ट किया जाता है कि कार्यात्मक लक्ष्य की बिन्दुवार प्राप्ति ही अधिकारी के वार्षिक कार्य मूल्यांकन का आधार होगी।

7– सभी जोनल एडीशनल कमिश्नर इस परिपत्र की प्रति अपने अधीनस्थ वाणिज्य कर अधिकारी स्तर तक के सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करते हुए उसकी पावती एक शीट पर भेजेंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार सक्षम स्तर से नियमित अनुश्रवण व कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।

**संलग्नक–यथोक्त।**

(अमृता सोनी)
**कमिश्नर, वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

**पृप0सं0 दिनांक:उक्त**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. अपर मुख्य सचिव वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर उ0प्र0 को सादर अवलोकनार्थ।
2. एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर उ0 प्र0।
3. समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्य0)/कॉरपोरेट सर्किल/टैक्स ऑडिट व वि0अनु0शा0) द्वारा जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0 प्र0।
4. ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0/निरीक्षण/धारा–59/संग्रह/संख्या) वाणिज्य कर मुख्यालय को अपने अनुभाग से संबंधित विवरण को आनलाइन प्राप्त किये जाने तथा अनुश्रवण कार्यवाही हेतु ।
5. ज्वाइन्ट कमिश्नर (सचल दल/वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर मुख्यालय को उपर्युक्त पैरा 5 के क्रम में।

**कमिश्नर, वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

/19-20/target ex19-20/target nt and lt

# Zonewise GST Target for F.Y. 2019-20 (Rs. In Crore)

| S.No. | Zone | Apr-19 | May-19 | Jun-19 | Jul-19 | Aug-19 | Sep-19 | Oct-19 | Nov-19 | Dec-19 | Jan-20 | Feb-20 | Mar-20 | Total Annual Target |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | Agra | 158.76 | 139.25 | 185.45 | 156.23 | 127.04 | 117.89 | 130.63 | 170.36 | 160.86 | 136.14 | 138.85 | 120.93 | **1742.38** |
| 2 | Aligarh | 110.36 | 89.89 | 99.04 | 100.78 | 87.86 | 106.06 | 103.84 | 105.58 | 115.16 | 102.46 | 102.78 | 97.79 | **1221.61** |
| 3 | Ayodhya | 102.55 | 82.66 | 101.97 | 111.28 | 72.08 | 65.15 | 63.21 | 82.03 | 95.56 | 60.67 | 67.33 | 82.04 | **986.52** |
| 4 | Bareilly | 94.02 | 70.02 | 77.61 | 87.04 | 66.77 | 60.29 | 65.60 | 77.10 | 87.16 | 97.41 | 71.14 | 78.66 | **932.82** |
| 5 | Corporate Oil | 77.88 | 67.14 | 74.82 | 73.09 | 61.69 | 62.60 | 72.42 | 95.40 | 92.15 | 95.32 | 81.60 | 76.87 | **930.98** |
| 6 | Etawah | 58.36 | 47.64 | 48.04 | 53.58 | 54.76 | 46.76 | 52.18 | 53.16 | 56.98 | 45.22 | 44.63 | 48.88 | **610.19** |
| 7 | GB Nagar | 465.91 | 360.98 | 420.01 | 432.41 | 375.98 | 404.50 | 462.86 | 430.48 | 460.99 | 428.99 | 382.67 | 383.18 | **5008.97** |
| 8 | Ghaziabad I | 499.49 | 379.13 | 426.19 | 420.74 | 321.79 | 327.32 | 319.75 | 339.83 | 341.29 | 350.38 | 309.68 | 330.60 | **4366.18** |
| 9 | Ghaziabad II | 258.35 | 225.80 | 264.80 | 259.22 | 234.18 | 249.89 | 247.09 | 276.86 | 250.40 | 271.39 | 271.48 | 273.12 | **3082.60** |
| 10 | Gorakhpur | 96.05 | 100.56 | 104.09 | 97.06 | 81.98 | 80.86 | 83.60 | 97.06 | 109.77 | 96.20 | 97.24 | 95.85 | **1140.32** |
| 11 | Jhansi | 84.95 | 64.07 | 66.16 | 76.30 | 58.87 | 56.35 | 69.30 | 78.35 | 83.90 | 80.59 | 70.74 | 83.30 | **872.88** |
| 12 | Kanpur I | 270.31 | 241.54 | 253.06 | 238.39 | 215.52 | 253.31 | 246.79 | 259.37 | 229.46 | 260.17 | 257.02 | 253.19 | **2978.12** |
| 13 | Kanpur II | 188.98 | 168.16 | 196.10 | 178.22 | 149.92 | 133.63 | 153.54 | 177.22 | 186.07 | 185.00 | 177.54 | 164.88 | **2059.26** |
| 14 | Lucknow I | 764.11 | 516.28 | 498.40 | 483.70 | 470.43 | 443.16 | 481.13 | 547.09 | 553.16 | 536.25 | 479.33 | 474.85 | **6247.88** |
| 15 | Lucknow II | 550.10 | 318.09 | 313.64 | 340.29 | 320.93 | 255.01 | 326.76 | 316.69 | 313.24 | 391.55 | 339.05 | 311.73 | **4097.09** |
| 16 | Meerut | 109.99 | 103.76 | 97.19 | 92.49 | 104.29 | 94.77 | 115.16 | 109.86 | 126.57 | 111.67 | 113.28 | 100.79 | **1279.81** |
| 17 | Moradabad | 84.44 | 70.91 | 67.89 | 64.59 | 62.51 | 50.36 | 48.07 | 56.21 | 53.43 | 63.61 | 52.30 | 60.19 | **734.52** |
| 18 | Prayagraj | 239.17 | 137.96 | 168.05 | 167.54 | 142.83 | 148.11 | 167.77 | 143.39 | 177.05 | 180.32 | 141.53 | 155.63 | **1969.34** |
| 19 | Saharanpur | 97.55 | 83.18 | 97.86 | 127.94 | 84.02 | 76.14 | 99.19 | 97.94 | 100.01 | 109.18 | 93.69 | 90.37 | **1157.08** |
| 20 | Varanasi I | 121.84 | 121.11 | 120.64 | 134.85 | 118.36 | 96.94 | 140.62 | 125.40 | 138.00 | 125.79 | 116.26 | 122.28 | **1482.11** |
| 21 | Varanasi II | 124.40 | 104.62 | 114.76 | 105.17 | 98.51 | 86.08 | 91.64 | 106.70 | 123.58 | 110.66 | 107.50 | 105.71 | **1279.35** |
| | **TOTAL** | **4557.58** | **3492.74** | **3795.78** | **3800.92** | **3310.33** | **3215.17** | **3541.17** | **3746.07** | **3854.80** | **3838.98** | **3515.64** | **3510.83** | **44180.00** |

(मनोज कुमार तिवारी)
ज्वाइंट डायरेक्टर (संख्या) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, मुख्यालय, लखनऊ।